# भोपाल-ग्वालियर ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ

## केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मियाना में दिखाई हरी झंडी, यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है रेलवे

**भोपाल, 8 जनवरी. भोपाल मंडल के मियाना रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस का मियाना रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव का विधिवत शुभारंभ किया.**

उन्होंने मियाना स्टेशन पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। केंद्रीय मंत्री ने गुना संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा किये गए विकास कार्यो के संबंध में नागरिकों को संबोधित किया. इस अवसर पर मियाना में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह,



जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मेंद्र सिकरवार एवं अन्य गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधनक सौरभ कटारिया सहित अन्य रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे.

> भोपाल मंडल के पगारा रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस का पगारा रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने पगारा स्टेशन पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। केंद्रीय मंत्री ने गुना संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा किये गए विकास कार्यो के संबंध में नागरिकों को संबोधित किया.

# शासन ने नहीं दी पटवारी की रैली की अनुमति



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को दौरा करना पड़ा रद्द

**ग्वालियर, 8 जनवरी. पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन भाजपा सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहा है.**

यह आरोप गुरूवार को पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस के पूर्व मंत्री लाखन सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार, विधायक साहब सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल दोहरे तथा मोहना के जनपद पंचायत अध्यक्ष राधाकिशन धाकड ने संयुक्त रूप से लगाये. विधायकद्वय ने आरोप लगाते हुये कहा कि कांग्रेस ने किसानों की मांगों के सहित जनपद मोहना में सीएमओ द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार खाद संकट सहित अन्य मांगों को लेकर एक जन आक्रोश रैली आयोजित की थी. इस रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित जयवर्धन सिंह, वरिष्ठ नेता पहुचने वाले थे.

> पहले तो प्रशासन ने मौखिक रूप से सभा की अनुमति दे दी लेकिन जब कांग्रेस नेता सभा की तैयारी करा रहे थे तभी एक पटवारी से प्रशासन ने अनुमति रदद करने की सूचना दिलवाई. प्रशासन ने अपने आदेश में उच्च न्यायालय में संविधान निर्माता को लेकर चल रहे प्रकरण का हवाला देते हुये कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की संभावना व्यक्त की गई. इस पर कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को शपथ पत्र देकर कानून व्यवस्था को बिगडने जैसा कोई वाक्य नहीं बोलने का वादा किया लेकिन प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं की एक बात नहीं सुनी और उनकी जन आक्रोश सभा अनुमति को निरस्त कर दिया.

# संपत्तिकर न देने पर पहली बार संपत्ति कुर्क

### 4 बकायादारों ने मौके पर ही भर दिया संपत्तिकर

### जोन 3 के 5 स्थानों पर पहुंची टीम

**रीवा, 8 जनवरी. निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की राजस्व टीम ने संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम सूचना के बाद भी भुगतान न करने पर चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई की.**

वसूली अभियान को तेज करते हुए आज जोन क्रमांक 03 में 5 स्थानों पर नगर निगम की टीम



कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जिसमें 1 बकायादार के यहां कुर्की की कार्यवाही की गई, शेष चार ने बकाया राशि जमा की. जिससे बड़े राशि मौके पर नगर निगम कोष में जमा हुई. यह कार्रवाई राजस्व दल, अतिक्रमण एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संपन्न की गई. इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी, उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे.

### कई बार दी सूचना

उल्लेखनीय है कि बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा न होने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए थे. निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी न तो भुगतान किया गया और न ही कोई आपत्ति/अपील प्रस्तुत की गई, जिसके चलते कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई गई. कार्यवाही जोन क्रमांक 03 में श्री छोटेलाल सिंह, पिता शंभू प्रसाद सिंह द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर उनकी चल संपत्ति जब्त की गई.

## दो पक्ष भिड़े, पथराव, आगजनी की कोशिश

**जबलपुर.** दो पक्ष भिड़ गए. पथराव, आगजनी की कोशिश की गई. इस दौरान दो लोग घायल हो गए. पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है. रीतू जाट निवासी कंजड़ मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई मोहल्ले के हर्षित जाट, दीपांशू जाट, सुधांशु जाट एवं वासू जाट ने उसके साथ मारपीट कर दी. घर के आंगन में खडी एक बुलट, दो मोटर सायकिल एवं एक एक्सिस में पत्थर व डण्डों से तोड़फोड़ कर दिये थे?, घर पर भी पथराव किये जिससे घर का सामान भी टूट फूट गया है. जब बेटा, बेटी एवं जेठानी सन्नो बाई घर से बाहर निकले तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से भाग गये.

# गांवों की तस्वीर बदलेगी जीरामजी योजना : भूरिया

### विलम्बित मजदूरी के रूप में श्रमिकों को मिलेगी राशि

**नीमच, 8 जनवरी. जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ( ग्रामीण ) अर्थात वीबी जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है.**

'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125



दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है. मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी. महिला एवं बाल विकास तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है. यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है. इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी.

### कार्ययोजना बनाकर मिशन को देंगे गति

> प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए हम समुचित कार्य योजना बनाने जा रहे हैं. इससे मिशन को गतिपूर्वक संचालित किया जाएगा. इसमें गोपालन को बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही कई अन्य सुधार भी इस अधिनियम के दायरे में रहकर किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि हर जिले में स्टॉल्स, मार्केट आदि लगाने की व्यवस्थाएं भी की जाएगी. हमने तय किया है कि हर जिले में स्टॉल्स के माध्यम से किसानों के प्राकृतिक उत्पाद आमजन को उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है. इसके लिए हम सभी किसानों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दे रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में पहले 6 प्रतिशत प्रशासनिक अमला तैनात किया गया था. विकसित भारत जी-राम-जी योजना में इस कार्यकारी अमले की तादाद बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है. इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेहिता बढ़ेगी, साथ ही सभी गतिविधियों को पूरी पारदर्शिता से अंजाम दिया जाएगा. उन्होंने कहा, कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार तय मानकों के आधार पर देश के हर राज्य को एक निश्चित राशि भी देगी.

## एक नजर में

### बफरजोन एरिया बढ़ाया, फिर से होगा सर्वे

**शिवपुरी, 8 जनवरी.** माधव नेशनल पार्क शिवपुरी के जोनल प्लान के संबंध में संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए. बैठक में शिवपुरी कलेक्टर ऑनलाइन शामिल हुए. इसके साथ ही समीक्षा बैठक में वन संरक्षक शिवपुरी श्रीवास्तव, उप संचालक माधव नेशनल पार्क हरिओम, सीईओ जिला पंचायत शिवपुरी विजय राज, संयुक्त संचालक टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग कुशवाह सहित विभागीय अधिकारी शामिल हुए. माधव नेशनल पार्क के मास्टर प्लान के लिये निर्धारित एजेंसी द्वारा बेसलाइन सर्वे पूर्ण कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था. भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर शासन द्वारा कुछ बिंदुओं पर जानकारी भी चाही गई थी. बेसलाइन सर्वे के पश्चात माधव नेशनल पार्क का बफरजोन एरिया बढ़ाया गया है. इस कारण नए सिरे से बढ़ाए गए एरिया का बेसलाइन सर्वे किया जाना आवश्यक है. वर्ष 2017 में माधव नेशनल पार्क के ईकोसेंसेटिव जोन के लिये बेसलाइन सर्वे करने का कार्य कराया गया था. मार्च 2025 में माधव नेशनल पार्क के बफर एरिया का विस्तार किया गया है. वर्तमान में 1776 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र हो गया है. इस सम्पूर्ण क्षेत्र का बेसलाइन सर्वे किया जाना आवश्यक है.

### 6 .62 लाख से अधिक अनियमित रेल यात्री पकड़े




**जबलपुर, 8 जनवरी.** रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं. चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 09 महीनों ( 1 अप्रैल से 31 दिसंबर ) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 6 लाख 62 हजार से अधिक अनियमित बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 48 .93 करोड़ रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ. मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए. इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी इसमें बिना टिकट यात्रा पकड़े गए मामले में तीन लाख 8 हजार से अधिक का राजस्व 27 करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुआ.

# दादाजी धाम में नवनिर्माण का शंखनाद

### 15 जनवरी से शुरू होगी नींव की खुदाई, 6 माह में तैयार होगा बेस

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र और दुनिया भर में %पंचम धाम% के रूप में पूजनीय श्री धूनीवाले दादाजी धाम में अब भव्यता का नया सूरज उगने वाला है। ३० जून २०२५ को जिस भव्य मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया गया था, वह लंबे अंतराल के बाद धरातल पर आकार लेने जा रहा है। आगामी १५ जनवरी, मकर संक्रांति के पावन पर्व के आसपास से मंदिर निर्माण का विधिवत श्रीगणेश होने जा रहा है।

**वो वादा जो अब होने जा रहा पूरा** -दादाजी के



लाखों भक्तों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। ज्ञात हो कि 30 जून 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मंदिर का भव्य %भूमिपूजन महोत्सव% संपन्न हुआ था। उस समय उत्साह के बीच यह घोषणा की गई थी कि गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तत्काल बाद मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, तकनीकी प्रक्रियाओं और टेंडर की बारीकियों के चलते निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हुआ और कार्य शुरू नहीं हो सका। लेकिन %देर आए दुरस्त आए%, अब प्रशासन और नवनिर्माण समिति ने तमाम बाधाओं को दूर करते हुए 15 जनवरी से कार्य शुरू करने का अंतिम निर्णय ले लिया है।

**नींव भराई का टेंडर फाइनल, 6 महीने का लक्ष्य**

मंदिर निर्माण की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया गया है। मंदिर की नींव रखने के लिए टेंडर प्रक्रिया आधिकारिक रूप से पूर्ण कर ली गई है। प्रथम चरण में निर्माण एजेंसी को मंदिर स्थल पर खड्डे खुदाई और नींव भराई का कार्य सौंपा गया है।

# जिले में दूध 60 रुपए लीटर ही बिकेगा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में दुग्ध मूल्य में वृद्धि की समीक्षा हेतु गुरूवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक

### दूध विक्रेता एवं पशुपालकों के साथ बैठक में निर्णय

में उपसंचालयक पशुपालन, सांची दुग्ध संघ उज्जैन के प्रबंधक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं डीआसीएस सहित अतिरिक्त दुग्ध विक्रेता एवं पशुपालक बैठक में उपस्थित थे।

बैठक मे कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दुग्ध मूल्य में की गई वृद्धि को लेकर दुग्ध विक्रेताओं एवं दुग्ध उत्पादकों से



विस्तृत चर्चा की । सभी पक्षों की बात सुनने के उपरांत यह निष्कर्ष निकाला गया कि दूध के दाम में की गई 4 रूपये की वृद्धि अधिक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दुग्ध मूल्य में 2 रूपये की कमी की जाए। बैठक में दूध 60 रूपये लीटर विक्रय करने का निर्णय आपसी सहमति से लिया गया ।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्णय लिया गया कि दुग्ध मूल्यों की पुन: समीक्षा चार माह बाद की जाएगी।

बैठक में सांची दुग्ध संघ, पशुपालन विभाग एवं डीआरसीएस को निर्देशित किया गया कि पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की मांग के अनुसार अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले ग्रामों में दुग्ध समितियों का गठन कर उन्हें मिल्क रूट से जोड़ा जाए।

# आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवायजर को थमाया नोटिस

**रतलाम, 8 जनवरी.** आंगनवाड़ी केंद्र सीखेड़ी में 5 एवं 6 जनवरी को स्वयं सहायता समूह द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण आहार प्रदान नहीं किया गया जिसके कारण 2 दिवस आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को पोषण आहार का लाभ प्राप्त नहीं हुआ एवं पोषण ट्रैकर पर पूरक पोषण आहार एवं गर्म पका भोजन की एंट्री सम्बंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नहीं की गई साथ ही पोर्टल की मॉनिटरिंग केन्द्रवार, सेक्टर भी नहीं की गई. कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेश अनुसार कार्य में लापरवाही करने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधोलिया द्वारा ब्लॉक समन्वयक आशीष सोनी एवं प्र. परियोजना अधिकारी श्रीमती शशिकला मण्डराह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस मे जवाब प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है. तीन दिवस मे संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नही करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी. वहीं सरस्वती स्वयं सहायता समूह सिखेड़ी द्वारा दो दिन से आंगनवाड़ी केंद्र पर नाश्ता व भोजन प्रदाय नही किया जाने पर उक्त संबंध में समूह की नाशता एवं भोजन की राशि काटी जावेगी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओर सुपरवाइजर को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है.

# शराब की गाड़ी सहित 18 .14 लाख का मशरूका जप्त

### पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार' आरोपी गिरफ्तार

**झाबुआ, 8 जनवरी. पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत उमरकोट चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.**

चौकी उमरकोट (थाना कालीदेवी) पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब और दो स्विफ्ट डिजायर वाहन जब्त किए हैं. साथ ही आरोपी गिरफ्तार किया गया है. उमरकोट पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 36 पेटी (543 बल्क लीटर) अवैध शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 02 लाख 14 हजार 80 रुपये की जप्त की गई साथ ही दो वाहन कीमती 16 लाख जप्त किये



गये. इस प्रकार कुल 18 लाख 14 हजार 80 रूपये का मशरूका जप्त किया गया. थाना प्रभारी कालीदेवी निरीक्षक जयराज सोलंकी, चौकी प्रभारी उमरकोट उप निरीक्षक जितेंद्र चौहान, प्र.आर. भूपेंद्र जाट, आर. अनिल चौहान, आर. रूपेश मेहता, आर. शुभम, आर. पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस टीम के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की

## शुक्ल ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**भोपाल, 8 जनवरी.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 1998 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि डॉ. राजेश मिश्रा का संपूर्ण प्रशासनिक जीवन कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है.

हस्तशिल्पी

### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने किया शुभारंभ

# मेले के दस्तकारी हाट में लगा खादी एक्सपो

**ग्वालियर,8 जनवरी. जिले मे व्यापार मेला के समीप स्थित दस्तकारी हाट में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने 'खादी एक्सपो' का शुभारंभ किया.**

इस दस्तकारी हाट में देश के विभिन्न राज्यों के कला-शिल्पी एवं बुनकर एक से बढ़कर एक हस्तशिल्प उत्पाद लेकर आए हैं. खादी एक्सपो के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र, स्व-सहायता समूह एवं व्यक्तिगत रूप से हस्तशिल्प उत्पाद से जुड़े छोटे-छोटे व्यवसाइयों के उत्पादों को



बिक्री के लिये अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है. साथ ही शिल्पकला प्रेमियों को उचित दाम पर अच्छे उत्पाद मिल जाते हैं. इससे लोकल फॉर वोकल अवधारणा को भी बल मिलता है. मध्यभारत खादी संघ जीवाजीगंज द्वारा आयोजित किए गए.

> खासतौर पर कश्मीरी पसमीना की शॉलें व अन्य गर्म कपड़े, लखनवी चिकन, भागलपुरी सिल्क साड़ियां, गुजराती कढ़ाईदार वस्त्र, मधुवनी व नालंदा कसीदाकारीयुक्त विशेष वस्त्र, जयपुरी रजाईयां व ज्वैलरी सहित अन्य राज्यों के एक से बढ़कर एक हस्तशिल्प उत्पाद खादी एक्सपो के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं. जीआई टैग युक्त पेपरमेशी कला आर्ट, एक्सपो में उपलब्ध है.

## गुणवत्ता के साथ मार्च माह तक पूर्ण कराएं सड़कों का निर्माण

**छिंदवाड़ा 8 जनवरी.** पीएम जनमन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कों में से 13 सड़कों में कार्यादेश जारी होने के बाद भी अभी तक कार्य अप्रारंभ रहने पर कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने कड़ी नाराजगी जताई और सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए. उन्होंने फॉरेस्ट क्लियरेंस के कारण लंबित कार्यों में वन विभाग से समन्वय कर शीघ्र निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया. साथ ही शेष प्रगतिरत कार्यों को गति और गुणवत्ता के साथ मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं.

# एनएच-39 के फुटपाथ पर कब्जों पर सख्ती

- तहसीलदार और टीआई ने दी चेतावनी
- अतिक्रमण नहीं हटाया तो होगी कार्रवाई

**सिंगरौली 8 जनवरी. नेशनल हाईवे सीधी-सिंगरौली 39 के फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन एक बार फिर सख्त नजर आया.**

देवसर बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के उद्देश्य से आज दिन गुरूवार को तहसीलदार एवं थाना प्रभारी टीआई देवसर ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया और कब्जाधारियों को सख्त हिदायत दी. प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में



कहा कि सार्वजनिक मार्ग और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पैदल मार्च के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों एवं ठेला-गुमटी संचालकों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी. बताया गया कि पूर्व में भी कई बार समझाइस दी जा चुकी है, इसके बावजूद फुटपाथों पर कब्जे बने हुए हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. तहसीलदार ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान थाना प्रभारी देवसर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे.